# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- बेसिक शिक्षा में रिक्त सत्ताइस हजार से अधिक शिक्षक भर्ती मामले में अभ्यर्थियों की याचिका उच्चतम न्यायालय में खारिज। नया विज्ञापन जारी कर भरे जायेंगे रिक्त पद।
- महाकुंभ दो हजार पच्चीस को लेकर तेरह दिसम्बर को प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे सात हजार करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की तैयारियों की समीक्षा। कहा– दस दिसम्बर तक पूरा कर लें सभी कार्य।
- प्रदेश में आज से शुरू हो रहा है पल्स पोलियो अभियान। तीन करोड़ उन्तीस लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य।
- मौसम के मिजाज में अनिश्चितता का दौर कायम। पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में आज और कल ठंड बढ़ने की सम्भावना।

**********

बेसिक शिक्षा की अड़सठ हजार पांच सौ पदों की सहायक शिक्षक भर्ती में रिक्त रह गयीं सत्ताइस हजार से अधिक सीटों पर चयन के मामले में उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ के आदेश को बहाल रखा है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि रिक्त सीटों पर राज्य सरकार भर्ती करे। कुछ अभ्यर्थियों ने कट–ऑप अंक घटा कर के रिक्त पदों पर चयन किये जाने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी। कल उच्चतम न्यायालय में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रदीप कुमार मिश्रा की खण्डपीठ ने उनकी याचिका खारिज कर दी, इसलिये अब हाईकोर्ट के आदेश पर बेसिक शिक्षा विभाग भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ायेगा। रिक्त सत्ताइस हजार से अधिक पदों को नया विज्ञापन कर के भरा जायेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेरह दिसंबर को प्रयागराज पहुंचकर महाकुम्भ दो हजार पचीस की तैयारियों का जायजा लेने के साथ महाकुम्भ से जुड़ी रेल और अन्य परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज दौरे पर पहुंचे और महाकुम्भ को लेकर अंतिम दौर में चल रही तैयारियों की परख की। सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन से पहले दस दिसम्बर तक सभी परियोजनायें किसी भी दशा में पूरी कर ली जाएं और इकतीस दिसम्बर तक महाकुंभ मेला को सजा दिया जाय। उन्होंने कहा कि ग्यारह दिसम्बर को वह खुद तैयारियों की प्रगति देखने जायेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित महाकुंभ के लिये प्रधानमंत्री करीब सात हजार करोड़ रूपये की पांच सौ बत्तीस परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री पवित्र संगम का पूजन कर नवनिर्मित भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर और श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। प्रयागराज दौरे पर आये मुख्यमंत्री ने कई स्थानो पर महाकुंभ की तैयारियो का निरीक्षण भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने साधु–संतों के साथ भी बैठक की। साथ ही महाकुंभ को लेकर पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिसकर्मियों को सम्बोधित कर उन्हें सुरक्षित और सुविधायुक्त आयोजन के लिये समर्पित भाव से अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिये प्रेरित किया। इसे लेकर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश भी दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन पर डिजिटल कुंभ की प्रस्तुति दी जाएगी।

***सभी को मिलकर के एक स्वच्छ सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुंभ को व डिजिटल कुंभ के रूप में प्रस्तुत करना है। प्रधानमंत्री जी का आगमन होने जा रहा है और प्रधानमंत्री जी के आगमन पर डिजिटल कुंभ की जो अवधारणा होगी उसको भी डिस्प्ले के सामने किया जाएगा। कैसे हर एक चीज़ सुरक्षा में कैसे हम डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग है। कैसे स्वच्छता में डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं कैसे अन्य कार्यों में हम डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं ये सभी कुछ उनके सामने प्रस्तुत करने का एक अवसर प्राप्त होगा।***

**********

केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कल प्रयागराज हवाई अड्डे का दौरा किया और नए टर्मिनल भवन के निर्माण कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। श्री नायडू ने बताया कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरपोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। ये कार्य इकतीस दिसंबर तक पूरे कर लिए जाएंगे।

*अभी जैसे लोग आएंगे कुम्भ के लिए तो उसका कैपेसिटी हमें बढ़ाना है तो उसके लिए हम जो एक्जिस्टिंग टर्मिनल बिल्डिंग है उसको छह हज़ार से करीब आठ हज़ार तक कर रहे हैं और जो नया टर्मिनल जो है उसका भी हम अभी सत्रह हज़ार और वहाँ पे भी कैपेसिटी बढ़ा रहे हैं। हमारी तरह से ये प्रयास है कि ये यर एंडिंग से डिसेंबर आखिरी तक ये सारे कामों को पूरा करके एक अच्छी तरह यहाँ पे एक एयरपोर्ट और टर्मिनल बिल्डिंग के सारे काम उसको निपटाएं तो ये कोशिश हमारी तरफ से है।*

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज दौरे से पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने आज प्रयागराज पहुंचेंगे। श्री वैष्णव प्रयागराज और वाराणसी के बीच रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का निरीक्षण करेंगे। इस परियोजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री तेरह दिसंबर को करेंगे।

**********

महाकुंभ–दो हजार पच्चीस को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में निमंत्रण बांटे जा रहे हैं। इसी क्रम में कल कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही असम पहुंचे। श्री शाही वहां महाकुंभ को लेकर दिसपुर में आयोजित एक रोड शो में शामिल हुए।

**********

प्रदेश में आज से पल्स पोलियो अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत सभी जिलों में पांच साल तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलायी जायेगी। राज्य में तीन करोड़ उन्तीस लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के पहले दिन आज प्रदेश के एक लाख दस हजार छः सौ अड़तालीस बूथों पर पोलियो से बचाव की दवा पिलायी जायेगी। कल से चौदह दिसम्बर तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर बच्चों को पल्स पोलियो की ड्रॉप पिलायेंगी। इस अभियान को लेकर कल प्रदेश के कई जिलों में जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया।

**********

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया है कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग–इकतीस के रायबरेली–जौनपुर खंड पर लालगंज अझारा, मोहनगंज और रानीगंज में टू–लेन ग्रीन फील्ड बाईपास के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई हैं। इस निर्माण में एक हजार दो सौ बहत्तर करोड़ रुपए से अधिक की लागत आयेगी। श्री गडकरी ने अपने सोशल मीडिया एकाउन्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि बाईपास के निर्माण से लखनऊ–वाराणसी कॉरिडोर की लॉजिस्टिक दक्षता में वृद्धि होगी और यात्रा समय में बचत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाईपास निर्माण की स्वीकृति दिए जाने पर श्री गडकरी का आभार जताया है।

**********

रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह आज सिद्धार्थनगर जिले में सिद्धार्थनगर–चिल्हिया स्टशनों के मध्य समपार संख्या अट्ठावन पर भीमापार में रोड अण्डर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वह बढ़नी रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में कोचिंग डिपो का लोकार्पण करेंगे। कोचिंग डिपो के बन जाने से बढ़नी जंक्शन से लम्बी दूरी की ट्रेनों को चलाने का रास्ता साफ हो गया है।

**********

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर दलितों पर अत्याचार के मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाया है। कल लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू बड़ी संख्या में हमलों का शिकार हो रहे हैं, जिनमें ज्यादातर दलित और कमजोर तबके के लोग हैं। मायावती ने दोनों पार्टियों पर विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के बीच आपसी झगड़े को बढ़ावा देने और बांग्लादेश में बहुसंख्यक हिंदू आबादी वाले दलितों की दुर्दशा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

**********

साल के अन्तिम महीने में मौसम के मिजाज में अनिश्चितता का दौर बना हुआ है। कभी तापमान अधिक हो रहा है तो कभी नीचे आ रहा है। इस बीच उत्तर–पश्चिमी तेज हवाओं ने कई जिलों में रात की सर्दी बढ़ा दी है। उत्तर–पश्चिमी भारत की ओर बढ़ रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते आज और कल प्रदेश में ठंड बढ़ने की संभावना है। पूर्वांचल समेत प्रदेश के उत्तरी इलाकों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

**********

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरणों से किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार के साथ कल ग्रेटर नोएडा आए मुख्य सचिव ने कहा कि तीनों प्राधिकरण प्रत्येक किसानों की सूची तैयार कर उनके प्राप्त होने वाले लाभ बिना विलंब देना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने किसानों की समस्याओं को निस्तारित करने में अवरोध उत्पन्न करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

**********